आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश की ... कार्रवाई के बारे मे टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय अपर समाहर्त्ता, गढ़वा
भूमि विक्री अनुमति वाद स०–151/2021
सी० एन०टी० एक्ट की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत
श्री बंधु राम—विक्रेता
प्रति
श्रीमती रूबी कुमारी—क्रेता

आदेश

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक (विक्रेता) श्री बंधु राम, पिता–स्व० सगुनी राम, ग्राम–डण्डई, पोस्ट–डण्डई, थाना–डण्डई, जिला–गढ़वा ने नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि को क्रेता श्रीमती रूबी कुमारी, पति–श्री श्रवण कुमार रवि, ग्राम–डण्डई, पोस्ट–डण्डई, थाना–डण्डई, जिला–गढ़वा को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत भूमि विक्री करने हेतु आवेदन–पत्र दिया गया है। उक्त आवेदन पत्र पर अंचल अधिकारी, डण्डई से आवेदन पत्र मे वर्णित भूमि पर जाँच कर विहित प्रपत्र में स्पष्ट अनुशंसा के साथ एवं आम इस्तेहार का विधिवत तामिला कराकर प्रतिवेदन की मांग की गई।

अंचल अधिकारी, डण्डई के पत्रांक 132/दिनांक 11.03.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र मे एवं आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त हुआ एवं विक्रेता के द्वारा प्रतिवेदित भूमि के संबंध मे आवश्यक कागजात प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत कागजातो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित भूमि का विक्रेता के बाबा के नाम से माग पंजी II के पृष्ट स०–168/9 पर मांग चलता है। विक्रेता जाति के चमार (अनुसूचित जाति) एवं क्रेता जाति के चमार (अनुसूचित जाति) के सदस्य है, विक्रेता एवं क्रेता दोनो एक ही जिला गढ़वा के निवासी है। विक्रेता प्रस्तावित भूमि विक्री करने के पश्चात भूमिहीन नहीं होते है। प्रस्तावित भूमि आवेदक (विक्रेता) के शांतिपूर्ण दखल–कब्जे मे है। यह भूमि भूदान, भू–हदबंदी, वन सीमा इत्यादि से मुक्त है।

अंचल अधिकारी, डण्डई के जाँच प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक मे आवेदक (विक्रेता) श्री बंधु राम, पिता–स्व० सगुनी राम, ग्राम–डण्डई, पोस्ट–डण्डई, थाना–डण्डई, जिला–गढ़वा ने क्रेता श्रीमती रूबी कुमारी, पति–श्री श्रवण कुमार रवि, ग्राम–डण्डई, पोस्ट–डण्डई, थाना–डण्डई, जिला–गढ़वा को नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि की विक्री करने हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अन्तर्गत विक्री हेतु हस्तान्तरण करने हेतु स्वीकृति दी जाती है।

भूमि का विवरणः–

ग्राम	थाना स०	खाता स०	प्लॉट स०	रकबा (एकड मे)	चौहदी
डण्डई	388	109	1477	0.03	उ०–श्रवण राम वगैरह, द०–सफी राम, पू०–कच्ची रास्ता, प०–विजय राम
			कुल रकबाः–	0.03	

आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला अवर निबंधक, गढ़वा को भेजे।

लेखापित एवं संशोधित।

(हस्ताक्षर) 26/5/2022
अपर समाहर्त्ता
गढ़वा

(हस्ताक्षर) 26/5/2022
अपर समाहर्त्ता
गढ़वा

Digitally signed by Pankaj Kumar Singh
Date: 2022.12.05 16:15:31 +05:30
Location: 192.168.36.160

Scanned with CamScanner